दिनांक 29 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

संजय नगर तालाब का होगा कायाकल्प, आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट संजय नगर तालाब उन्नयन कार्य के लिए आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने तालाब का निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की! जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड चार में आने वाले तथा शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले सुपेला के समीप संजय नगर तलाब के सौंदर्यीकरण करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है जोकि लगभग एक करोड़ 21 लाख की परियोजना मे शामिल है जिसमें से 42 लाख रुपये शासन से प्राप्त हो चुके हैं शेष राशि की मांग के लिए आयुक्त महोदय द्वारा शासन को पत्र लिखकर मांग की गई है , बची हुई राशि प्राप्त होने पर संजय नगर तालाब को बेहतरीन तरीके से संवारने का काम किया जाएगा! सहायक अभियंता आर. एस. राजपूत ने आयुक्त महोदय को अवगत कराया कि शासन से शेष राशि प्राप्त होने पर इस तालाब में भव्य चैपाटी होगी जिसमें बैठने के लिए विभिन्न प्रकार की कुर्सियां, अनुमानित 8 से 10 छायादार शेड निर्माण जो कि प्राकृतिक स्वरूप जैसा होगा, चारों ओर प्रकाश व्यवस्था हेतु स्पेशल लाइट लगाई जाएगी, सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल को ऊपर किया जाएगा, ग्रिल फेंसिंग को आधुनिक तरीके से बनाया जाएगा , दोनों मुख्य प्रवेश द्वार पर भव्य गेट बनेंगे, चैपाटी स्थल पर विशेष प्रकार की घास की लगाई जाएगी , प्रतिमा की स्थापना भी प्रस्तावित है, डेकोरेटिव पौधे लगाए जाएंगे जिसकी सिंचाई हेतु चारों ओर पाइपलाइन बिछाई जाएगी , भेलवा तालाब की तर्ज पर अंदर की ओर रेलिंग लगाई जाएगी ताकि रेलिंग से आकर्षक नजारा का आनंद लिया जा सके, लगाए गए पाथवे के पेवर ब्लॉक को हटाकर दूसरे प्रकार पाथवे की व्यवस्था की जावेगी एवं निकाले गए पेवर ब्लॉक को बाहर पार्किंग में उपयोग किया जाएगा साथ ही संजय नगर तालाब का रखरखाव एवं संधारण 3 वर्ष तक एजेंसी द्वारा किया जाएगा!

आयुक्त महोदय द्वारा संजय नगर तालाब के सामने प्रवाहित हो रहे नाले को उपचारित कर तालाब में भरने के लिए जोन आयुक्त बी.के. देवांगन एवं एजेंसी कुणाल बिल्डर्स को निर्देशित कर जल्द ही इस दिशा में कार्य करने हेतु कहा है, ताकि पानी का सदुपयोग हो सके एवं नाले के समीप आने वाले क्षेत्रों में बारिश के दिनों मे जलभराव की स्थिति भी उत्पन्न न हो!

संजय नगर तालाब मे निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त बी.के. देवांगन , प्रभारी अधिकारी उद्यान प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता आलोक पसीने , सहायक अभियंता आर. एस. राजपूत सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''